RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)

**March 06, 2024**

**To,**
**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai- 400001 MH**

**Sub: Newspaper publication of Corrigendum to Postal Ballot Notice**
**Ref.: Raghav Productivity Enhancers Limited, Scrip Code: 539837**

**Dear Sir/ Ma'am,**

In compliance of Regulation 30 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we enclosed herewith copy of newspapers [The Financial Express (English) and Nafa Nuksan (Hindi)] both dated 5th March, 2024, wherein the Corrigendum to the Postal Ballot Notice has been published.

Kindly take above on record and oblige.

**Thanking You**


**Yours Faithfully**
**For Raghav Productivity Enhancers Limited**


Neha Rathi Digitally signed by Neha Rathi
Date: 2024.03.06 12:03:32
+05'30'

**Neha Rathi**
**(Company Secretary & Compliance Officer)**
**M.No: A38807**

*encl: copy of newspaper advertisement*

## The Indian Luxury Consumer






**Source** : The Hurun India Luxury Consumer Survey 2023

# रिलायंस रिटेल की Beauty बिजनेस को 'बड़ा' करने की तैयारी

**मुम्बई/एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी ऑर्गेनाइज्ड रिटेलर रिलायंस रिटेल इन्डिया ऑपरेशन को एक्वायर करने के लिए इटालियन ब्यूटी ब्राण्ड कीको मिलानो से चर्चा कर रही है। इस तरह से रिलायंस रिटेल ब्यूटी मार्केट में नायका और शॉपर्स स्टॉप के सामने अपनी स्थिति को मजबूत कर लेना चाहती है। गत वर्ष रिलायंस रिटेल ने अरविंद फैशंस से 216 करोड़ रुपये में सेफोरा ब्यूटी बिजनेस का अधिग्रहण किया था।

सूत्रों के अनुसार इटली के परकासी ग्रुप और नई दिल्ली बेस्ड डीएलएफ ब्राण्ड्स के बीच जो जॉइंट वेंचर है उसे एक्वायर करने की तैयारी है। वर्तमान में संयुक्त उपक्रम के तहत मुम्बई, दिल्ली, पुणे, बैंगलुरु और नोएडा में कीको मिलानो स्टोर्स संचालित हो रहे हैं। यह भी हो सकता है कि भारतीय बाजार के लिये कीको मिलानो के फ्रेन्चाइजी राइट्स भी डील में शामिल हो। डील साइज करीब सौ करोड़ रुपये का हो सकता है। अभी बातचीत चल रही है, निर्णय शेष है।

**डोमेस्टिक ब्यूटी एंड पर्सनल केयर मार्केट 19 बिलियन डॉलर का है और वर्ष 2027 तक 30 बिलियन डॉलर पर पहुंच जाने की सम्भावना है**




रिलायंस रिटेल ब्यूटी रिटेल ब्राण्ड्स के पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है। देश में ब्यूटी एंड पर्सनल केयर मार्केट में बेहतर भागीदारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। कन्सल्टेंसी फर्म रेडसीर की 2023 रिपोर्ट के अनुसार डोमेस्टिक ब्यूटी एंड पर्सनल केयर मार्केट 19 बिलियन डॉलर का है और वर्ष 2027 तक 30 बिलियन डॉलर पर पहुंच जाने की सम्भावना है। दस प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से मार्केट ग्रो कर सकता है।

गत वर्ष अप्रेल माह में रिलायंस रिटेल ने ऑफलाइन एंड ऑनलाइन ब्यूटी डेस्टीनेशन 'टीरा' लांच किया था। यह प्रीमियम एंड मार्केट पर पोजीशन कर रहा है। वैल्यू सेगमेंट में टीयर टू और टीयर थ्री शहरों में ब्लशलेस नामक ब्राण्ड पेश किया गया है। इसके तहत ब्यूटी और इनरवियर प्रोडक्ट्स पेश किये जा रहे हैं। सेफोरा मिड टू प्रीमियम सेगमेंट में पोजीशंड है। गौरतलब है कि इंटरनेशनल ब्राण्ड कीको मिलानो ब्यूटी एंड पर्सनल केयर मार्केट में प्रीमियम एंड पर पोजीशंड है।

टीरा के प्रवक्ता के अनुसार इन्डियन ब्यूटी रिटेल मार्केट बढ़ रहा है। इसका कारण यह है कि मध्यमवर्ग बढ़ रहा है, उपयोग हेतु आय बढ़ रही है और शहरीकरण की रफ्तार भी बढ़ रही है। ऐसे में रिलायंस रिटेल ब्यूटी सेगमेंट में तेजी से विस्तार कर रही है। भारतीय बाजार में मौजूद सम्भावनाओं को देखते हुए अनेक ग्लोबल ब्राण्ड्स यहां पर आना चाहते हैं या विस्तार करना चाहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पहला वेब प्लेटफॉर्म आधारित रोबोट ओएस इस सप्ताह लांच होगा

**सिओल/एजेंसी।** दक्षिण कोरियाई तकनीक दिग्गज कंपनी नावेर ने कहा कि वह दुनिया में पहली बार एक वेब प्लेटफॉर्म-आधारित रोबोट ऑपरेटिंग सिस्टम (ओएस) का अनावरण करेगी।




नेवर इस सप्ताह रियाद, सऊदी अरब में गूगल, एपल, मेटा प्लेटफ़ॉर्म, एडब्लूएस और अन्य वैश्विक बड़ी तकनीकों के साथ लीप 2024 कार्यक्रम में शामिल हो रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इवेंट के दौरान कोरियाई कंपनी व्हेल ओएस द्वारा संचालित एआरसी माइंड पेश करेगी, जो दुनिया का पहला वेब प्लेटफॉर्म-आधारित रोबोट ओएस है, जो दुनिया भर में रोबोटिक्स डेवलपर्स को विभिन्न रोबोट सेवाएं बनाने में मदद करेगा। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, एआरसी माइंड रोबोट सेवाओं के साथ मौजूदा अनुप्रयोगों के कनेक्शन का समर्थन करेगा और इसमें रोबोट के नियंत्रण, अनुभूति और आंदोलन के लिए एक वेब एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस शामिल होगा। नावेर ने कहा कि उसकी योजना पहले अपने रोबोटों पर एआरसी माइंड को लागू करने की है, जो मूल रोबोट ओएस की तुलना में तेज और हल्का है और बाद में एक खुला पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करेगा। इवेंट के दौरान कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ सह-विकसित अगली पीढ़ी के रोबोट प्लेटफॉर्म का भी अनावरण करेगी। दोनों कंपनियों ने संयुक्त रूप से नावेर के ओएस और सॉफ्टवेयर समाधान और सैमसंग के सेमीकंडक्टर समाधानों को मिलाकर एक रोबोटिक्स एज कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जिसमें सिस्टम ऑन चिप और इमेज सेंसर शामिल हैं।

### 10 में से 8 इंडियन कंपनियों के कुछ ऐप्स गूगल प्ले स्टोर पर वापस आए

**नई दिल्ली/एजेंसी।** जैसे-जैसे गूगल और भारतीय स्टार्टअप के बीच लड़ाई तेज होती जा रही है, 10 प्रमुख घरेलू कंपनियों में से आठ के कुछ ऐप - जो टेक दिग्गज के साथ लड़ाई की अगुवाई कर रहे हैं, पहले से ही गूगल प्ले स्टोर पर वापस आ गए हैं। सूत्रों ने कहा कि नई नीति का अनुपालन किया गया है। कई ऐप्स पहले से ही प्ले स्टोर पर वापस आ गए हैं। वे गूगल की नीति का अनुपालन करते हुए वापस आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश लोग प्ले स्टोर पर दोबारा सूचीबद्ध होने के लिए केवल उपभोग का विकल्प चुन रहे हैं।

गूगल ने प्ले स्टोर से मैट्रिमोनी और शादी डॉट कॉम सहित प्रमुख भारतीय डिजिटल कंपनियों के एक दर्जन से अधिक ऐप्स को हटा दिया था। अल्ट, स्टेज और अहा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, ट्रूली मैडली और क्वैक क्वैक डेटिंग ऐप्स, कुकू एफएम ऑडियो कंटेंट प्लेटफॉर्म और एफआरएनडी सोशल नेटवर्किंग ऐप जैसी कंपनियों के एप्लिकेशन भी गूगल द्वारा हटा दिए गए थे। तकनीकी दिग्गज ने आलोचना का सामना करने के बाद शादी डॉट कॉम, इंफो एज के नौकरी डॉट कॉम, 99एकड़ और नौकरीगल्फ से संबंधित कुछ ऐप्स को बहाल कर दिया, लेकिन कई अन्य अभी भी डिलिस्टेड हैं।

# डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लागू होने के बाद ही थम सकता है साइबर क्राइम

**नोएडा/आईएएनएस**

नोएडा साइबर अपराधियों की पहली पसंद और ठिकाना बनता जा रहा है। एक के बाद एक फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा हो रहा है। कई देशी और विदेशी नागरिक ठगी करते हुए पकड़े जा रहे हैं। सोमवार को भी पुलिस ने एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया जो कंबोडिया में फर्जी कॉल सेंटर के जरिए लोगों से 100 करोड़ से ज्यादा की ठगी कर चुका है।

ग्रेटर नोएडा के बिसरख पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी मॉल के पास होटल से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस गैंग का सरगना चीन का नागरिक बगैर वीजा के नेपाल के रास्ते से भारत आया था। ये लोग कोरियर से कंबोडिया सिम कार्ड भेजते थे। उनके पास से 531 सिम कार्ड और कई विदेशी मुद्राएं बरामद हुई हैं।

यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी सैकड़ो फर्जी कॉल सेंटर और साइबर ठगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन देश में डाटा प्रोटक्शन एक्ट तो आ गया है लेकिन इसे पूरी तरीके से लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण अभी भी बड़ी-बड़ी कंपनियां, दुकानें और अन्य जगहों पर आम आदमी का डेटा सेफ नहीं है। साइबर हैकर बड़ी आसानी से डेटा हैक कर और कई कंपनियों से डेटा खरीद कर लोगों से ठगी




करते हैं। पिछले साल ही नोएडा में 2000 करोड़ रुपए का डेटा चीन भेजने का मामला सामने आया था। एसटीएफ ने थाना बीटा टू क्षेत्र में फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए 18 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा बीते साल जुलाई में ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर से चीन के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। नोएडा की कंपनी से डेटा चीन भेजा जा रहा था। साइबर एक्सपर्ट पवन दुग्गल ने बताया है कि हमारे देश में डाटा प्रोटक्शन एक्ट आ तो गया है लेकिन पूरी तरीके से लागू नहीं किया गया है, जिसके चलते साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और पड़ोसी देश हम पर लगातार हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा डेटा बहुत आसानी से बैंकों से, हॉस्पिटल से, रिटेल कंपनियों से, हैकर्स को मिल जाता है और उसके साथ-साथ बहुत कम दामों में डाटा खरीदा भी जाता है। उन्होंने कहा कि डेटा दो तरीके से मिलता है। एक उस कंपनी के डेटा बेस में जाकर उसे हैक कर और दूसरा बहुत कम दामों में खरीद कर।

उन्होंने बताया कि हमारा पड़ोसी मुल्क चीन यह चाहता है कि भारत की बढ़ती प्रोग्रेस को रोका जाए। इसीलिए यहां से ज्यादा से ज्यादा डेटा चीन में पहुंचकर वहां के साइबर हैकर्स और अपराध करने वाले लोगों को निशाना बनाते रहते हैं। इसीलिए ज्यादा से ज्यादा डेटा चीन अपने पास रखना चाहता है।

इस समय चीन को भारत अपना सबसे बड़ा कंपीटीटर मान रहा है और चीन चाहता है कि यहां की अर्थव्यवस्था को खराब किया जाए इसीलिए चाइनीस एप के जरिए और हमारे डेटा का इस्तेमाल कर चीन, लोगों के बीच में पहुंच कर हमारी अर्थव्यवस्था को खराब करना चाहता है। पवन दुग्गल के मुताबिक, डेटा कहीं से भी कभी भी लीक हो सकता है। इसलिए भारत सरकार सभी से कहती है कि काफी ज्यादा सावधानी बरतें।

# नेचुरल ब्यूटी से सराबोर है वायनाड



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** वायनाड भारत के केरल राज्य का एक बेहद खूबसूरत जिला है। हरे-भरे पहाड़, घने जंगल, वाइल्ड लाइफ को नजदीक से देखने और एंजॉय करने का शौक अगर आप रखते हैं तो वयनाड देश के उन पर्यटन स्थलों में से एक है, जहां आपको जरूर जाना चाहिए। आइए जानते हैं वयनाड में कौन-सी जगहें पर्यटन के लिए खास हैं। वायनाड केरल का वह जिला है, जहां धान की खेती सबसे अधिक होती है। धान की प्रमुखता के कारण ही इस जगह का नाम वयनाड पड़ा। यह शब्द वहां की स्थानीय भाषा मलयालम में धान की अत्यधिक खेती को परिभाषित करता है। वयनाड जैसी जगहों के कारण ही केरल को 'ग्रीन पैराडाइज' भी कहा जाता है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी रहते हैं। इस तरह यहां घूमने पर आप उनके जीवन को नजदीक से देख पाएंगे।

**कुरुव आइलैंड:-** कुरुव आइलैंड काबिनी नदी के डेल्टा पर बना है। वयनाड में स्थित यह आइलैंड वन विभाग द्वारा संचालित किया जाता है। पेड़-पौधों और तरह-तरह के फूलों में रुचि रखने वाले लोगों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। इस आइलैंड पर फेरी के जरिए पहुंचा जाता है। इस फेरी का साइज बहुत बड़ा होता है और इसे हाथ से चलाता जाता है।

**बाणासुर सागर डैम:-** कल्पेट्टा शहर से करीब 21 किलोमीटर स्थित है बाणासुर सागर बांध। इस बांध का निर्माण काबिनी नदी की सहायक धारा पर किया गया है। इस बांध को भारत का सबसे बड़ा बांध होने और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा बांध होने का गौरव प्राप्त है। इस बांध के निर्माण के वक्त बहुत सारी भूमि जलमग्न हो गई थी, जिससे यहां कई छोटे-छोटे द्वीपों का भी निर्माण हुआ है। यहां से बाणासुर पहाड़ियों के मनोरम दृश्य का आप लुत्फ उठा सकते हैं।

**मेपड़ी:-** केरल के सुंदर हिल स्टेशनों में से एक है मेपड़ी। यह स्थान कोझीकोट और ऊटी को जोड़ने वाले नेशनल हाईवे पर बना है। यह जगह दिल के आकार की झील के लिए काफी प्रसिद्ध है। तो अगर आप अपने पार्टनर के साथ यहां जा रहे हैं तो रोमांटिक सैर तय है।

**कल्पेट्टा:-** घने जंगलों, चाय और कॉफी के बागानों से घिरा कल्पेट्ट वायनाड जिले का मुख्यालय है। यहां प्रकृति के मनमोहक नजारे आपको देखने के लिए मिलेंगे। यहां कई प्राकृतिक झरने, झील और जंगल हैं। यहां पर आपको हस्तकला के नायाब नमूने देखने को मिलेंगे। इनमें हाथी दांत से बनी वस्तुएं, बांस और नारियल खोल के सामान मिलेंगे। साथ ही प्राकृतिक शहद का आनंद आप ले सकेंगे।

**एडक्कल गुफा:-** पाषाण युगीन गुफाओं के बारे में आपने सिर्फ इतिहास की किताबों में पढ़ा होगा। अगर आप उस युग को नजदीक से देखना चाहते हैं और वैसे जीवन का अनुभव लेना चाहते हैं तो आपको एडक्कल जरूर आना चाहिए। कल्पेट्ट से लगभग 25 किलोमीट की दूरी पर स्थित इस जगह के बारे में कहा जाता है कि यहां स्थित गुफा को भगवान राम के पुत्रों लव और कुश ने अपने बाणों से बनाया था।

**फेंटम रॉक:-** वायनाड के खूबसूरत पर्यटन स्थलों में एक है फेंटम रॉक। यह चट्टान किसी इंसान की खोपड़ी के आकार में दिखाई देती है। इस चट्टान को देखने पर लगता है कि जैसे किसी ने बड़ी से खोपड़ी पर नक्काशी कर दी हो। इसीलिए इसका नाम फैंटम रॉक पड़ा। ट्रैकिंग और कैंपिंग के लिए यह शानदार जगह है।

**पुकुड झील:-** पुकुड झील को ताजे पानी की झील कहा जाता है। घने जंगल के बीच स्थित इस मनोहर झील में आप परिवार और दोस्तों के साथ बोटिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

**थिरुनेल्ली मंदिर:-** अगर आपको प्राचीन मंदिर और पुरातत्व विज्ञान की जानकारी देने वाले स्थलों पर घूमना पसंद है तो थिरुनेल्ली मंदिर आपके लिए बेस्ट जगह है। इस मंदिर का इतिहास इतना पुराना माना जाता है कि इसके बारे में कोई साक्ष्य ही उपलब्ध नहीं है। पुरातत्व वैज्ञानिकों को घाटी के बीचों-बीच बसे इस मंदिर के आस-पास गांवों के खंडर तो मिले हैं लेकिन इस मंदिर का निर्माण कब हुआ, किसने किया इसकी कोई जानकारी नहीं है। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है।

RAGHAV PRODUCTIVITY ENHANCERS LTD.
(Formerly - Raghav Ramming Mass Ltd.)

**पंजीकृत कार्यालय : ऑफिस 36, चौथी मंजिल, सेंट्रल स्पाइन, अलंकार प्लाजा, विधाधर नगर, जयपुर - 302023**
**CIN : L27109RJ2009PLC030511**
Tel & Fax : 0141-2235760/761, E-mail : rammingmass@gmail.com, Website : www.rammingmass.com

### पोस्टल बैलेट के नोटिस के संबंध में शुद्धिपत्र

राघव प्रोडक्टिविटी एनहैंसर्स लिमिटेड ने 20 फरवरी, 2024 दिनांक का पोस्टल बैलेट नोटिस जारी किया था एवं उसमें ई-वोटिंग की समयावधि निम्न थी ;

| | |
|---|---|
| ई-वोटिंग की शुरुआत | शुक्रवार 1 मार्च, 2024 को प्रातः 9 बजे |
| ई-वोटिंग की समाप्ति | शनिवार 30 मार्च, 2024 को शाम 5 बजे |
| वोट करने की पात्रता के लिए कट ऑफ दिनांक | शुक्रवार 23 फरवरी, 2024 |
| ई-वोटिंग परिणामों की घोषणा की अंतिम दिनांक | सोमवार 1 अप्रेल, 2024 |

हालांकि कुछ तकनीकी कारणों व अपरिहार्य स्थितियों के चलते ई-वोटिंग की शुरुआत तय दिनांक 1 मार्च, 2024 को प्रातः 9 बजे की जगह 5 मार्च, 2024 को दोपहर 2:30 बजे हुई। ऐसे में ई-वोटिंग समाप्ति की समयावधि को तद्नुसार बढ़ा दिया गया है। उक्त नोटिस के संबंध में यह शुद्धिपत्र जारी किया जा रहा है जिसमें ई-वोटिंग से संबंधित संशोधित समयावधि नीचे दी जा रही है ;

| | |
|---|---|
| ई-वोटिंग की शुरुआत | मंगलवार 5 मार्च, 2024 को दोपहरः 2:30 बजे |
| ई-वोटिंग की समाप्ति | बुधवार 3 अप्रेल, 2024 को शाम 5 बजे |
| वोट करने की पात्रता के लिए कट ऑफ दिनांक | शुक्रवार 23 फरवरी, 2024 |
| ई-वोटिंग परिणामों की घोषणा की अंतिम दिनांक | शुक्रवार 5 अप्रेल, 2024 |

पोस्टल बैलेट नोटिस के इस शुद्धिपत्र को मूल नोटिस, जिसे शेयरधारकों को 26 फरवरी, 2024 को ई-मेल किया गया था, की निरन्तरता में पढ़ा जाये। शुद्धिपत्र के अलावा नोटिस में अन्य सभी जानकारी में किसी तरह का बदलाव नहीं है। यह कंपनी की वेबसाइट www.rammingmass.com व बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।


राघव प्रोडक्टिविटी एनहैंसर्स लिमिटेड के लिए

दिनांक : 05 मार्च, 2024
स्थान : जयपुर

हस्ताक्षर/-
नेहा राठी
(कंपनी सचिव व अनुपालन अधिकारी)
सदस्यता संख्या : A38807

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम



निवेश अनुकूल
उद्योग अनुकूल प्रदेश
लगायें उद्योग
रीको के साथ

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

कुल औद्योगिक भूखण्ड 49

ईएमडी
प्रारम्भ तिथि : 07 मार्च, 2024 (प्रातः 10:00 बजे)
अंतिम तिथि : 21 मार्च, 2024 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड
प्रारम्भ तिथि : 22 मार्च, 2024 (प्रातः 10:00 बजे)
अंतिम तिथि : 27 मार्च, 2024 (सायं 05:00 बजे)

03 बालोतरा
02 बांसवाड़ा
03 भरतपुर
02 चूरू
04 भिवाड़ी-II
04 किशनगढ़
02 श्रीगंगानगर
01 जोधपुर
02 मण्डोर
05 सवाईमाधोपुर
02 नीमराना
03 घीलोठ
03 जयपुर (उत्तर)
03 उदयपुर
03 नागौर
04 भीलवाड़ा
03 जालोर

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*

*T&C Apply

सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें

Raj. Samwad/C/23/14259

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in
ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें www.riico.co.in